महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

E-mail: registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

पत्रांकः 849 / पी0ए0 / 2022 दिनांकः 10 / 12 / 2022

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त महाविद्यालय
सम्बद्ध महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय,
आजमगढ़।

विषयः— सत्र 2021—22 के समस्त पाठ्यक्रम के छात्रों का विद्यमान परिस्थितियों के दृष्टिगत व्यापक छात्र / जनहित में तृतीय सेमेस्टर 2022—23 में प्रोन्नति के उपरान्त परीक्षा फार्म भरवानें तथा परीक्षा शुल्क जमा करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि परीक्षा समिति के निर्णय दिनांक 04.11.2022 के अनुसार सत्र 2021—22 के समस्त पाठ्यक्रम के छात्रों को विद्यमान परिस्थितियों के दृष्टिगत व्यापक छात्र / जनहित में तृतीय सेमेस्टर 2022—23 में प्रमोट कर दिया गया है। कोविड—19 के प्रभाव, सत्र नियमितीकरण एवं व्यापक छात्र हित में स्नातक तृतीय सेमेस्टर 2022—23 मे प्रोमोटेड छात्रों का परीक्षा फार्म भरवा कर उनकी परीक्षा सम्पन्न करायी जानी है, तथा जो छात्र प्रथम वर्ष (प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर) 2021—22 मे उत्तीर्ण नही हो पाते हैं अथवा किसी एक अथवा अधिक विषय में अनुत्तीर्ण रह जाते हैं (NEP- 2020 के पाठ्यक्रम के अनुसार वांछित क्रेडिट नहीं प्राप्त कर पाते है) उनकी प्रथम / द्वितीय सेमेस्टर की सम्पूर्ण / आंशिक परीक्षाएँ जैसी भी लागू हों, छात्र हित मे अलग से सम / विषम सेमेस्टर के साथ आयोजित कराई जायेंगी।

अतः उपरोक्त के आलोक में मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार निर्देशित किया जाता है कि तृतीय सेमेस्टर मे प्रोमोट किये गए समस्त छात्रो का परीक्षा फार्म दिनांक 12.12.2022 तक भरवाना सुनिश्चित करें। दिनांक 19.12.2022 से विश्वविद्यालय की प्रारम्भ हो रही परीक्षा के दृष्टिगत किसी भी दशा मे तिथि विस्तारण सम्भव नही होगा।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपि—

1. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. सम्बन्धित / प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक सम्बद्ध महाविद्यालय महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ को इस आशय के साथ प्रेषित कि संबधित छात्र / छात्राओं को सूचना अपने स्तर से भी देने का कष्ट करें।

कुलसचिव

पता : डी0ए0वी0पी0जी0 कॉलेज, रैदोपुर रोड—आजमगढ़ (उ0प्र0), पिन कोड—276001
Add : D.A.V.P.G. College, Raidopur Road-Azamgarh (U.P.), Pin Code -276001

Scanned with OKEN Scanner